# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/05/25 – 38 ,राँची/दिनांक:15/07/2025

**पारा–मेडिकल प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (इंटरमीडिएट एवं मैट्रिक स्तरीय) – 2025 के प्रवेश–पत्र (Admit Card) से संबंधित अत्यावश्यक सूचना**

पारा–मेडिकल प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (इंटरमीडिएट एवं मैट्रिक स्तरीय) – 2025 में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा दिनांक–20.07.2025 (रविवार) को राँची जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जायेगी। तद्नुसार पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in पर "Click Here for All online application Submission-JCECEB 2025" टैब पर Click कर परीक्षा का सही विकल्प चुनते हुए Login कर Download Online Admit Card पर Click कर, दिये गये दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए दिनांक–16.07.2025 से प्रवेश–पत्र (Admit Card) अद्यःभारित (Download) कर सकते है। परीक्षा समाप्ति के पूर्व प्रवेश–पत्र (Admit Card) का लेमिनेशन (Lamination) नहीं करावें।

प्रवेश पत्र में परीक्षार्थी की अन्य विवरणी भी अंकित है यथा नाम, पिता एवं माता का नाम, कोटि, जन्म–तिथि इत्यादि। यदि इन विवरणियों की प्रविष्टियों में संशोधन या सुधार की आवश्यकता हो तो, एक स्वहस्तलिखित आवेदन पत्र प्रमाण/साक्ष्य के साथ **झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर, सिरखा टोली, नामकुम–तुपुदाना रोड, नामकुम, राँची – 834010** के पते पर **दिनांक–21.07.2025** तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा हाथों–हाथ अथवा E-mail - (controller.jceceb@gmail.com) के माध्यम से निश्चित रूप से जमा कर दें जिसके आधार पर प्रविष्टि में संशोधन किया जा सके। उक्त निर्धारित तिथि के बाद तथा प्रमाण/साक्ष्य के बिना प्राप्त किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा तथा **इसके लिए पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा।**

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

15/07/25

(रंजीता हेम्ब्रम, झा.प्र.से.)
उप परीक्षा नियंत्रक